हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 नवंबर 2025

06 आदिवासी बेटी ने 10वीं में किया टॉप लेकिन नहीं...

07 शहर वासियों को 15 मीटर चौड़ी सड़क देने के लिए...







## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की हुई समीक्षा

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव विनोद कुमार ने मंगलवार को सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेशभर में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की जिलेवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान निदेशक सक्सेना ने निर्देश दिए कि मतदाता गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में और अधिक गति लाई जाए, ताकि यह कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जा सके।

### क्यूआरकोड का उपयोग करने वाली प्रथम जेल

**नर्मदापुरम।** केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम् में केन्द्रीय जेल अधिकारी/कर्मचारी केटीन के द्वारा बंदियों को अतिरिक्त सामग्री प्रदाय करने हेतु केटीन संचालित है। बंदियों के परिजनों द्वारा बंदी के खाते में एक माह में अधिकतम रु 2000/- जमा किये जा सकते है। वर्तमान में बंदी की मुलाकात पर आये परिजन द्वारा नगद राशि का भुगतान कर बंदी के खाते में राशि जमा की जाती है।

## औद्योगिक क्षेत्र मुहासा में ऑक्सीजन प्लांट में हुआ हादसा

# सुरक्षा के अभाव में टेंकर में लगी आग कर्मचारी झुलसा, प्रबंधन ने किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नर्मदापुरम जिले के माखननगर स्थित मोहासा इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार दोपहरआईनॉक्स ऑक्सीजन प्लांट में एक खाली टैंकर में नाइट्रोजन गैस कन्वर्ट करने के दौरान हादसा हुआ।

औद्योगिक क्षेत्र मोहासा में इनॉक्स एयर प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड की ऑक्सीजन फैक्ट्री है जिसमें प्रतिदिन ऑक्सीजन उत्पादन होता है और टैंकरों द्वारा लोड होकर जाता है। कोरोना कल में ऑक्सीजन के लिए जब हाहाकार मचा था जब यह प्लांट यहां लगा था और उसके बाद ऑक्सीजन का उत्पादन शुरू हो गया था रविवार को लगभग 12:00 बजे के आसपास ऑपरेटर महेंद्र यादव टैंकर में गैस लोड कर रहा था उस समय आग़ भपकी की जिससे ऑपरेटर बुरी तरह झुलस गया। फैक्ट्री के लोग गुपचुप तरीके से उसे नर्मदापुरम ले गए और मालवीय अस्पताल में उसका इलाज कराने के लिए भर्ती करा दिया। फिलहाल घायल कर्मचारी का इलाज जारी है।



### फैक्ट्री में हो रहा था रोज जैसा काम



प्लांट पर जाकर जब देखा तो वहां रोज के जैसे टैंकर आ जा रहे थे गैस लोड हो रही थी ऐसा लग रहा था जैसे यहां कोई हादसा हुआ ही नहीं है वही गेट पर बॉडीगार्ड किसी को अंदर नहीं जाने दे रहा था। यह भी बताया जा रहा है की नवी मुंबई से कंपनी की टेक्निकल टीम आकर जांच करेगी घटना का कारण जानेगी कि यह लापरवाही है या अचानक घटी घटना बहरहाल यह संतोष की बात है कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और कोई जनहानि नहीं हुई मध्य प्रदेश में कंपनी का कार्यालय गोविंदपुरा और रजिस्टर्ड कार्यालय नवी मुंबई में है जिससे संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### प्रबंधन सहित गार्ड बोले नहीं हुई कोई घटना

वही यह प्रतिनिधि जब मुहासा में प्लाट पर पहुंचा तो प्लांट में गेट पर उपस्थित गार्ड ने ऐसी कोई भी घटना से इनकार किया वही मोबाइल नंबर 9109 6380 29 पर मैनेजमेंट से बात की तो उन्होंने भी एक पल देर किए हुए कहा हमारे प्लांट पर कोई हादसा नहीं हुआ और कहीं हुआ होगा अब सवाल यह है की फैक्ट्री का ऑपरेटर जिसका इलाज चल रहा है वह आग में कैसे झुलसा और अगर हादसा हुआ है तो फैक्ट्री का मैनेजमेंट इसे छुपा क्यों रहा है माखन नगर थाने के बीट प्रभारी एसआई अशोक बरबड़े ने बताया घटना की जांच की जा रही है घायल के बयान भी लिए जाएंगे और जांच की जाएगी कि यह हादसा कैसे हुआ वहीं सूत्रों ने बताया फैक्ट्री के कर्मचारियों को कोई भी सेफ्टी किट नहीं दिया जाता है अगर ऑपरेटर सेफ्टीकिट पहने हुए होता तो वह आग़ से बच सकता था।

# 3 अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने बोला धावा, लाखों की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में कड़ाके की ठंड के बीच चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। चोरों ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दो सूने मकानों और एक ऑफिस को निशाना बनाया। वारदातें माखननगर रोड स्थित वैदिक विहार कॉलोनी और इटारसी रोड पर हुईं। चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर, 3 हजार रुपए नकद और एक प्रिंटर चुरा ले गए। रविवार सुबह मामला सामने आने के बाद देहात थाना पुलिस ने डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम के साथ जांच शुरू कर दी है। माखननगर रोड स्थित वैदिक विहार कॉलोनी में दो सूने मकानों में चोरी हुई। रविवार सुबह फरियादी अशोक कुमार गौर के मकान का ताला टूटा मिला। पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ देर बाद वैदिक विहार के ही रहने वाले तीर्थ विश्वकर्मा के मकान के ताले टूटने की बात भी पता चली।

जानकारी के मुताबिक, अशोक कुमार गौर और तीर्थ विश्वकर्मा, दोनों ही परिवार सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदारी में गए हुए थे। अज्ञात चोरों ने शनिवार रात को उनके घरों के ताले तोड़ दिए। चोरों ने अलमारी में रखा सामान बिखरा दिया और अलमारी में रखी सोने-चांदी की रकम (जेवर) चुरा ले गए। तीसरी वारदात इटारसी रोड स्थित नंदन ढाबे के पास एक इलेक्ट्रिक स्कूटी के ऑफिस में हुई। यहां से चोर एक प्रिंटर और नगद 3 हजार रुपए चुरा ले गए। रविवार सुबह मामला उजागर होने के बाद देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम को बुलाया।

# सेंट पेट्रिक्स स्कूल ने जीता द्वितीय पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

29 वें युवा उत्सव में गत दिनों नर्मदापुरम के पीएम श्री कॉलेज में लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सेंट पेट्रिक्स स्कूल सोहागपुर के छात्र छात्राओं ने लोकगीत गायन में अपनी प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एसपी सांई कृष्णा ने सभी बच्चों को सम्मानित किया। सेंट पेट्रिक्स स्कूल प्राचार्य दिलीप मिंज ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

# पुलिस ने चलाया रात्रि गश्त अभियान, 28 वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुलिस ने 15 नवंबर की रात को शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एक विशेष रात्रि गश्त अभियान चलाया, जो रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक जारी रहा। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन में, एसडीओपी इटारसी, टीआई गौरव सिंह बुंदेला और एनके रजक की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी।

अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 28 वारंटियों को गिरफ्तार किया। टीम ने गिरफ्तारी वारंट और स्थायी वारंट के अपराधियों पर कार्रवाई की। इस दौरान गिरफ्तारी वारंट के कुल 12 वारंटी, स्थायी वारंट के कुल 16 वारंटी 14+02 को गिरफ्तार किया। पुलिस टीमों ने बाजार, न्यास कॉलोनी, ईरानी डेरा क्षेत्र, खेड़ा, आवाम नगर, पीपल मोहल्ला, पुरानी इटारसी क्षेत्र, सूरजगंज, मालवीयगंज और यार्ड क्षेत्र जैसे इलाकों में कार्रवाई की। गश्त के दौरान, पुलिस ने शहर में सक्रिय 45 गुंडों और 25 निगरानीशुदा अपराधियों की सघन चेकिंग भी की। यह अभियान आगामी त्योहारों और भीड़भाड़ वाले दिनों के मद्देनजर आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने और शहर में सुरक्षा का माहौल बनाए रखने के लक्ष्य के साथ चलाया गया। पुलिस ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। क्षेत्रवार पुलिस दल की तैनाती बाजार, न्यास कालोनी और ईरानी डेरा क्षेत्र : इस क्षेत्र की जिम्मेदारी उप-निरीक्षक प्रवीण यादव और श्रद्धा राजपूत को सौंपी गई थी। उनकी टीम में सहायक उप-निरीक्षक सुरेन्द्र मालवीय और आरक्षक भरत और अनिल पाल शामिल थे।

खेडा, आवाम नगर, पीपल मोहल्ला, काबड मोहल्ला और जमानी रोड की टीम का नेतृत्व उनि गुलाबसिंह कर रहे थे। उनके साथ सउनि इश्तियाक अली और सउनि रीना खरे मौजूद थे।

### रूकने का नाम नहीं ले रही सागौन की चोरी



सेमरी हरचंद। क्षेत्र के आसपास के जंगलों में लगातार जंगल से अंधाधुंध कीमती इमरती सागौन की कटाई और उसकी चोरी चरम पर है पूर्व में भी 28 अक्टूबर को हरिभूमि में हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ी नामक शीर्षक से लकड़ी एवं बांस की चोरी साइकिल द्वारा की जा रही थी जिसका वीडियो वायरल हुआ था । वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की अनदेखी कहे या मिली भगत वन क्षेत्र की अमूल्य संपदा की चोरी लगातार हो रही है सूत्रों से प्राप्त वीडियो के अनुसार 13 नवंबर की रात साइकिल पर सागौन की चरपट ले जाते चोर दिखाई दे रहे हैं। एक और पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार द्वारा अनेक अभियान चलाए जाते हैं वहीं दूसरी ओर वन विभाग के लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियो की वन संरक्षण के प्रति उदासीनता के चलते जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और वन माफिया निडर होकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

# आखिरकार पिंजरे में कैद हुई दहशत : दो माह से इलाकों में घूम रहे तेंदुए को वन विभाग ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मचारियों, पॉवरग्रिड, पथरोटा सहित आसपास के गांवों के लिए आज सुबह एक बड़ी राहत भरी खबर आई है। पिछले लगभग दो माह से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री परिसर, पावरग्रिड और पथरौटा के रिहायशी इलाकों में लगातार अपनी मौजूदगी से दहशत मचा रहे एक तेंदुए को वन विभाग की टीम ने आखिरकार सफलतापूर्वक पिंजरा लगाकर पकड़ लिया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, पिछले कुछ समय से स्थानीय ग्रामीणों और फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा तेंदुए की मौजूदगी की सूचना लगातार मिल रही थी। यह तेंदुआ ऑर्डिनेंस फैक्ट्री और उससे सटे पथरौटा के रिहायशी इलाके के साथ-साथ पावरग्रिड के क्षेत्र में भी नजर आ रहा था। तेंदुए की इस निरंतर मौजूदगी के कारण पथरौटा, पांडरी सहित आसपास के गांवों में लोगों ने शाम होते ही घरों से निकलना कम कर दिया था। स्थानीय लोगों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर विशेष डर का माहौल था। ग्रामीणों और कर्मचारियों की लगातार मिल रही शिकायतों और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के उस संभावित क्षेत्र में एक विशेष पिंजरा लगाया जहां उसकी आवाजाही सबसे अधिक थी।

आज सुबह तेंदुआ इस पिंजरे में कैद पाया गया। वन विभाग की टीम अब पकड़े गए इस तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण करा रही है, जिसके बाद इसे सुरक्षित रूप से दूरस्थ जंगल क्षेत्र में ले जाकर छोड़ा जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस सफल ऑपरेशन के लिए वन विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई के भेजे गए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है वही कर्मचारी निर्वाचन कार्य करने में लापरवाही बरत रहे हैं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिवनी मालवा द्वारा भूपेंद्र सिंह राजपूत कृषि विस्तार अधिकारी सिवनी मालवा एवं नारायण सिंह जाटव कृषि विस्तार अधिकारी सिवनी मालवा को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर 2025 के कार्य हेतु असंजित किया जाकर निर्वाचन शाखा में कार्य किए जाने हेतु आदेशित किया गया था परंतु दोनों ही संबंधित कर्मचारी दिनांक 13 नवंबर 2025 को उपस्थित होने के पश्चात से ही लगातार अनुपस्थित है जिसकी कोई सूचना निर्वाचन कार्यालय को नहीं दी गई है उपरोक्त दोनों कर्मचारी निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने के साथ ही अपनी मनमानी बरत रहे हैं विजय राय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मालवा द्वारा दोनों कर्मचारियों का अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम को भेजा है वहीं राहुल चौहान कृषि विस्तार अधिकारी पगढाल, गुरजघाट को निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में लापरवाही बरते जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है ।

# बेटी की ससुराल के लिए बड़ी राशि लेकर निकले बुजुर्ग गायब, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग करीब पांच लाख रुपए की बड़ी राशि सहित गायब हो गए हैं। जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना क्षेत्र में परिजनों ने दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता अमित चौधरी पिता मेहरबान सिंह चौधरी निवासी त्रिशूल वाले बाबा के पास पचमढ़ी रोड थाना स्टेशन रोड पिपरिया के द्वारा इस आशय की सूचना दी गई कि वह ठेकेदारी का काम करता है। शनिवार 15 नवंबर 2025 की दोपहर एक बजे सूचनाकर्ता के चाचा बृजेश चौधरी पिता नारायण सिंह चौधरी 45 वर्ष निवासी केसला थाना बनखेड़ी अपने घर से करीबन पांच लाख रुपए लेकर पालाखेड़ी ब्लॉक सोहागपुर स्थित बेटी की ससुराल राशि देने के लिए बाइक से निकले थे। शाम पांच बजे पालाखेड़ी से शिवराज पटेल ने सूचनाकर्ता को फोन किया तथा बताया कि ससुर बृजेश चौधरी पालाखेड़ी नहीं पहुंचे हैं। तो चाचा को फोन लगाया, लेकिन चाचा ने फोन नहीं उठाया तो परिवार एवं अन्य लोगों ने चाचा बृजेश चौधरी की तलाश की। तलाश में व्यास पेट्रोल पंप के आगे पिपरिया रोड शोभापुर में चाचा बृजेश की डिस्कवर मोटरसाइकिल खड़ी मिली जिबका मास्क टूटा हुआ था। बृजेश चौधरी का कोई पता नहीं चला। बृजेश चौधरी का मोबाइल भी शनिवार शाम बजे से बंद है। परिवार, रिश्तेदारी एवं सभी जगह तलाश करने पर बृजेश चौधरी का कोई पता नहीं चला है। सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की है। गुमशुदा की तलाश की जा रही है। सोहागपुर पुलिस के अनुसार यदि किसी को बृजेश चौधरी से संबंधित कोई सूचना या खबर हो तो थाना सोहागपुर के मोबाइल व्हाट्सएप नंबर 770 1052276 अथवा चौकी शोभापुर से संपर्क करें।

# कटनी की धरा ने ने दिया भारतीय सेना में पहला मेजर जनरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



ब्रिगेडियर तमोजीत विश्वास कटनी की धरा के प्रथम मेजर जनरल पद पर पदोन्नति को प्राप्त कर भारतीय सेना की गौरवशाली सेना शिक्षा कोर की कमान संभालने जा रहे हैं।

ब्रिगेडियर तमोजीत विश्वास ने 12 जून 1993 कोलेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सेना की सेना शिक्षा कोर में कमीशन प्राप्त कर विभिन्न फॉर्मेशनों में तथा सेना शिक्षा कोर प्रशिक्षण कॉलेज एवं केंद्र, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल तथा सैनिक स्कूल में कार्य करते हुए मातृभूमि की सेवा की है। ब्रिगेडियर तमोजीत विश्वास एक अत्यंत उत्कृष्ट, अनुकरणीय तथा प्रेरणादायी वरिष्ठ अधिकारी हैं उनका जीवन अनुशासन, संवेदनशीलता, सहृदयता, मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग में निहित रहा है। वर्तमान में आपसे ना शिक्षा कोर प्रशिक्षण कॉलेज एवं केंद्र में कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं एवं छावनी परिषद पचमढ़ी के अध्यक्ष भी है। आपकी अध्यक्षता में छावनी क्षेत्र मे विगत 22 वर्षो से लगे निर्माण कार्यो पर रोक को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हटाया गया। ब्रिगेडियर (डॉ) तमोजीत विश्वास 1 दिसंबरको मेजर जनरल के रूप में पदोन्नति प्राप्त कर सेना मुख्यालय दिल्ली में पहुंचकर अतिरिक्त महानिदेशक सेना शिक्षा कोर का पद ग्रहण करेंगे।

## सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ आयोजन

# बच्चों ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन, स्कूल परिसर में लगा बाल मेला, विद्यार्थियों ने जमकर की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर विशेष बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा विद रेखा रानी राठौर, विशेष अतिथि सुखदेव सिंह कालोटी,व्युरोहरि भूमि नर्मदा प्रसाद दुबे, संदीप चौरसिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक आनंद प्रकाश शर्मा के द्वारा की गई। इस अवसर पर रानीखेड़ा के विस्थापित छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया। तथा बच्चों को सम्मानित किया गया। बाल मेला का प्रारंभ अतिथियों ने सरस्वती वंदना, रिबिन काटकर एवं दीप जलाकर किया गया। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं के दारा स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल लगाएं और अतिथियों ने खाद्य पदार्थ खरीद कर उनका स्वाद लिया। तथा एक तरफ बच्चों ने साइंस के विभिन्न माडल तैयार किया गया।

प्रायमरी, मिडिल क्लास के बच्चे ने अच्छा काम किया।जिसकी सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया। अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी, प्रभारी प्राचार्य आशीष कुमार, प्रधानाचार्य अंजू जाटव आफिस रीडर अनीता वाथरे, वरिष्ठ शिक्षिका स्वामी मैडम। शशि मालवीय, पिंकी पटेल,रानी कहार , शिवानी कहार मुकेश पुरोहित पप्पू आम्रवंशी, आशीष कुमार एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**सोहागपुर।** यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान गत दिनों प्रारंभ किया गया है। जिसमें दोपहिया वाहन चालकों के द्वारा एवं पीछे बैठी सवारी के द्वारा बिना हेलमेट सफर करने वालों की चेकिंग की जा रही है। बिना हेलमेट बाइक चलाने सहित यातायात के नियमों का पालन न करने वालों से अभी तक 83 प्रकरणों में 43 हजार 900 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग निरंतर जारी रहेगी। पुलिस के अनुसार गत दिनों शराब पीकर वाहन चलाने वालों से संबंधित दो प्रकरण माननीय न्यायालय में धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के प्रस्तुत किए गए थे। दोनों प्रकरण में माननीय न्यायालय के द्वारा 21000 का जुर्माना किया गया है।

# जिला स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में प्राचार्य महोदय के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 1 कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन का कार्यक्रम की शुरुआत की गई 1 इस प्रतियोगिता में 06 महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता इस अवसर पर डॉ ए के यादव विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन खेल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को सामने लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ इस महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम रहा एवं उपविजेता शासकीय पी एम श्री महाविद्यालय नर्मदापुरम रहा।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से युवक की मौत

**बैतूल।** झल्लार थाना क्षेत्र के मच्छी बोरगांव में रविवार सुबह बिजली का करंट लगने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित पिता अमरसा नबाड़े (25) के रूप में हुई है। हादसा तब हुआ जब युवक पंचायत की पाइपलाइन में पानी का दबाव कम होने पर टुल्लू मोटर लगा रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रोहित पंचायत की पाइप लाइन से पानी भरने के दौरान टुल्लू मोटर लगाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान टुल्लू पंप में करंट आ गया और वह उससे चिपक गया। मृतक के भाई ने बताया कि घटना के समय वह भी वहीं पानी भर रहा था। जैसे ही रोहित ने मोटर को हाथ लगाया, वह करंट से चिपककर दूर जा गिरा और बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह रोहित को करंट से अलग किया। उसे तत्काल झल्लार अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक जांच के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चारबन में हर्षोल्लास से मनाई बिरसा मुंडा जयंती

**बैतूल।** ग्राम चारबन में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती अत्यंत गरिमामय और भावनात्मक वातावरण में मनाई गई, जहां डॉ अंबेडकर एवं बिरसा मुंडा स्मारक समिति चारबन, ग्राम पंचायत चारबन और भारतीय बौद्ध महासभा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि आयु सहदेव वटके सरपंच ग्राम पंचायत चारबन और समिति अध्यक्ष आयु नौखेलाल उइके द्वारा भगवान बिरसा मुंडा और डॉ बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। अपने उद्बोधन में आयु सहदेव वटके ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा समस्त आदिवासियों के आदर्श हैं और मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। भारतीय बौद्ध महासभा बैतूल के अध्यक्ष आयु अधिवक्ता नामदेव नागले ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। कार्यक्रम में आयु अखंडे पंचायत सचिव, द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बैतूल के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नामदेव नागले, केन्द्रीय शिक्षक एवं जिला संघटक आयु किसोर कुमार पाटिल, जिला सचिव आयु वर्षा नागले, आयु मनिषा उइके आशा कार्यकर्ता, तहसील बैतूल के उपाध्यक्ष आयु प्रेमनाथ पाटिल, आयु संतोष वाडिवा, आयु परसु वाडिवा, रामदीन पंदराम, नत्थू उइके, रतन उइके पंच, तेजीलाल उइके, पन्नालाल उइके, चवलसिंग उइके, शेषराव उइके, उदेलाल उइके, सुखराम उइके, राजेश विश्वकर्मा, मनोज कवडे, किसोर बावने सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### बैतूल की दो प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

**बैतूल।** राष्ट्रीय भर्तृहरि विक्रम भोज पुरस्कार समिति का प्रतिभा सम्मान आयोजित किया गया। जिसमें बैतूल की दो प्रतिमाएं हुई सम्मानित हैं। पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच बैतूल के प्रवक्ता और सेवानिवृत्त प्राचार्य बाबूराव पवार द्वारा सेवाकाल में की गई विशिष्ट सेवाओं यथा- रक्तदान, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला कार्यक्रम अधिकारी, तथा सामाजिक सेवाओं के लिए सुखवाड़ा के स्व.नारायण पवार स्मृति पुरस्कार से सेवानिवृत्त कुलपति मानसिंह परमार और स्व.नारायण पवार की धर्मपत्नी श्रीमती जयश्री पवार के द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा 5000 रुपये की राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ की विश्व शांति सेना में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले, भारतीय थल सेना को उनके शान्ति सेना में दुर्गम स्थलों पर दी गई सेवाओं के लिए बैतूल के ही घुडन्न पवार से हवलदार, 5000 रुपये की सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र से मानसिंह परमार सेवानिवृत्त कुलपति एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगे नपा के 17 सहायक निरीक्षकों की ड्यूटी

# एसआईआर की ड्यूटी से राजस्व वसूली पर लगा ब्रेक, वित्तीय संकट मंडराया!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका की आर्थिक हालत पहले से ही ठीक नहीं है। पिछले तीन महीनों से कर्मचारियों का वेतन निकालने के लिए नगरपालिका को संघर्ष करना पड़ रहा है। वही दूसरी तरफ भारत निर्वाचन आयोग ने 4 नवंबर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत नगरपालिका के 17 सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी जिला निर्वाचन कार्यालय ने 4 दिसंबर तक बीएलओ के सहायक के रूप में लगा दी है। इन निरीक्षकों को मतदाता सूची में सुधार और नए नाम जोडऩे के कार्य के लिए घर-घर जाना पड़ रहा है। कई निरीक्षकों को एक से अधिक वार्डों में बीएलओ के साथ जिम्मेदारी दी गई है, जिससे उनका पूरा समय चुनावी कार्य में ही लग रहा है। परिणामस्वरूप, राजस्व वसूली का काम पूरी तरह ठप हो गया है। बता दे कि नगरपालिका की कमजोर वित्तीय स्थिति को सुधारने हाल ही में वसूली अभियान की शुरुआत की गई थी। सीएमओ ने सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को वसूली के लक्ष्य दिए थे और प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जा रही थी। उद्देश्य यह था कि नगर के राजस्व में बढ़ोतरी हो सके और कर्मचारियों के वेतन सहित जरूरी खर्चों का समय पर भुगतान किया जा सके, लेकिन सहायक राजस्व निरीक्षकों की बीएलओ के सहायक के रूप में ड्यूटी लगने से नपा के राजस्व वसूली कार्य प्रभावित हो रहा है।

#### हर माह करना पड़ता है लाखों का वेतन भुगतान

बताया गया है कि नगरपालिका पर हर महीने लाखों रूपये का वेतन भुगतान करना पड़ता है। दूसरी ओर, शहरवासियों पर लगभग 11.50 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया है। इस राशि में से अब तक केवल 30 प्रतिशत वसूली ही की जा सकी है। राजस्व वसूली की कमजोर स्थिति को देखते हुए नगरीय प्रशासन विभाग ने कुछ सप्ताह पहले ही सभी निकायों को वसूली सख्ती से करने के निर्देश दिए थे। बैतूल नगरपालिका ने भी इन निर्देशों पर अमल शुरू किया था। सीएमओ ने सभी कर्मचारियों को वसूली के लिए वार्डवार लक्ष्य सौंपे थे और प्रतिदिन रिपोर्ट मांगी जा रही थी।

#### निर्वाचन कार्य के चलते वसूली अभियान धीमा

नपा सीएमओ के निर्देश के बाद सहायक राजस्व निरीक्षकों ने राजस्व वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया था। प्रतिदिन कुछ न कुछ राजस्व वसूली भी आ रही थी। कुछ जगहों पर तो कर्मचारियों ने बकायादारों को नोटिस भी जारी किए थे, लेकिन अब निर्वाचन कार्य के चलते पूरा अभियान थम गया है। नगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि चुनावी कार्य खत्म होने के बाद ही वसूली दोबारा शुरू की जा सकेगी। मगर तब तक काफी समय बीत जाएगा और राजस्व स्थिति और कमजोर हो जाएगी। अधिकारी का कहना है कि वसूली अमले को चुनावी कार्य में लगाना मजबूरी है, क्योंकि यह आदेश निर्वाचन कार्यालय से आया है।

#### संभावित संकट, वेतन देना भी मुश्किल होगा

जानकारों का कहना है कि यह स्थिति नगरपालिका के लिए बड़ी परेशानी बन सकती है। अगर नवंबर और दिसंबर में वसूली नहीं हो पाई, तो आने वाले महीनों में कर्मचारियों को समय पर वेतन देना भी मुश्किल हो जाएगा। सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जल आपूर्ति और छोटे विकास कार्यों पर भी असर पड़ सकता है। नगर प्रशासन के अनुसार, फिलहाल स्थिति पर नजर रखी जा रही है। लेकिन नगरपालिका के पास फिलहाल न कोई वैकल्पिक आय का स्रोत है और न ही अतिरिक्त फंड की संभावना दिख रही है। कुल मिलाकर, बैतूल नगरपालिका की वित्तीय हालत पहले से ही संकट में है और अब निर्वाचन कार्य की वजह से राजस्व वसूली की रफ्तार और धीमी हो गई है।

#### काम प्रभावित होगा

निर्वाचन कार्यालय के निर्देश पर 17 एसआईआर की ड्यूटी बीएलओ के साथ लगाई है। करीब एक महीने तक एसआईआर को बीएलओ के साथ ही निर्वाचन का कार्य करना होगा। इससे वसूली का काम तो प्रभावित होगा, मगर कर क्या सकते हैं।

**- सतीश मटसेनिया**
सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### शिवानी को है मदद की दरकार

## आदिवासी बेटी ने 10वीं में किया टॉप लेकिन नहीं मिला सम्मान



**बैतूल।** एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं में घोड़ाडोंगरी ब्लाक के चिखलीमाल गांव के स्कूल की छात्रा शिवानी कवडे ने स्कूल में टॉप किया। उसने कक्षा दसवीं में 82. 2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। शिवानी के स्कूल में टॉप करने के साथ ही तीन खास बात थी, जिसमें पहला उसके माता-पिता दोनों निरक्षर होना थी। कहते हैं कि माता-पिता हर बच्चे के पहले गुरु होते हैं । दूसरा नंबर शिक्षक का आता है, लेकिन जब माता-पिता ही निरक्षर हो और कभी स्कूल की दहलीज पर पाव ना रखें हो तो बच्चों की पढ़ाई का क्या होगा? यह एक सवाल दिमाग मे कौंधता है, लेकिन इसका जवाब टॉपर, हो तो जीभ दांतों के बीच आ जाती है। दूसरी खास बात इस स्कूल में 2019 के बाद पहला मौका था जब स्कूल का रिजल्ट 86.37 प्रतिशत तक पहुंचा था और तीसरी उपलब्धि ये थी कि पिछले 6 सालों के दौरान ये भी पहली बार हुआ, जब एक आदिवासी वर्ग की बालिका ने स्कूल में टॉप किया। स्कूल की आदिवासी बालिका की इस उपलब्धि से खुश होकर इसी स्कूल से रिटायर हुए प्रभारी प्रिंसिपल आनंद साहू ने इस बालिका को 5000 की राशि भेंट की लेकिन इस आदिवासी बालिका का अब तक किसी मंच पर सम्मान नहीं हो सका। जबकि बैतूल जिले की घोलडोंगरी विधानसभा सीट से महिला आदिवासी विधायक है। बैतूल -हरदा, हरसूद सीट से सांसद व केंद्रीय मंत्री भी स्वयं आदिवासी वर्ग से आते हैं, लेकिन इसमें बावजूद भी शिवानी जैसी बेटी से मिलने उनके घर तक कोई नहीं पहुंचा। यहां तक आदिवासी आबा की जयंती को जनजातीय समुदाय के गौरव दिवस मनाया गया लेकिन समाज के इस लाड़ली के गौरव को भी भूल गए। जबकि जिले की कई प्रतिभाओं को बैतूल में बड़े-बड़े आयोजन कर सम्मनित किया गया था।

#### कलेक्टर बनने का सपना

शिवानी कवड़े के माता-पिता ने मजदूरी कर गरीब परिस्थित में बेटी को पढ़ाया। बेटी ने भी उनकी मेहनत को अच्छा रिजल्ट लाकर ना केवल साकार किया बल्कि शिक्षकों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। उसके माता-पिता का सपना बेटी को कलेक्टर बनते हुए देखना है।

#### फीस भी देंगे रिटायर्ड प्रिंसिपल

शिवानी और स्कूल के रिजल्ट से खुश रिटायर्ड प्रिंसिपल आनंद साहू ने इस पर टॉपर छात्रा को 5 हजार रुपए देने और 12वी तक की पढ़ाई की फीस देने की घोषणा की थी। वे 5 हजार रुपए दे चुके हैं।

### गायत्री परिवार के सदस्यों ने किया स्वागत

## वायगांव से शक्ति कलश लेने निकला 40 सदस्यों का दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रभात पट्टन विकासखंड के ग्राम वायगांव में आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शांतिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लाने हेतु वायगांव से 40 सदस्यों का दल रविवार को सुबह श्रद्धा और उत्साह के साथ हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। सुबह बैतूल रेलवे स्टेशन पर जैसे ही दल पहुंचा, वहां गायत्री परिवार के सदस्य और गणमान्य नागरिक पहले से ही स्वागत के लिए मौजूद थे। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, बैतूल नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, अनूप वर्मा, अजय पवार, भोला खंडेलवाल, सुरेश पांन्से, राजकुमार पालीवाल और संजू लिखितकर ने सभी सदस्यों को माला पहनाकर और तिलक लगाकर सम्मानित किया तथा उनकी यात्रा की सफलता के लिए मंगलकामनाएं दीं। स्टेशन परिसर में उपस्थित बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया, जिससे माहौल पूरी तरह धार्मिक और भावनात्मक बन गया। लगभग एक सप्ताह तक दल हरिद्वार में दर्शन-भ्रमण करेगा और शक्ति कलश लेकर पुनः अपने निज ग्राम वायगांव पहुंचेगा, जहां आगामी महायज्ञ की तैयारियां और भी गतिशीलता से आगे बढ़ेंगी।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी जंग

## बिहार चुनाव के बाद कांग्रेस ने लगाई आरोपों की झड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

देश में चुनाव दर चुनाव विजय का परचम लहरा रही भाजपा ने बिहार में भी अप्रत्याशित जीत का एक नया आयाम रच दिया है, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद कांग्रेस खेमे में निराशा हताशा और डर का भी एक माहौल देखा जा रहा है। जैसे ही बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित हुए, शहर में कई जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर, ढोल बाजे बजाकर और आतिशबाजी के साथ जीत का जश्न मनाया, किंतु दूसरी ओर स्थानीय कांग्रेस के सोशल मीडिया पर सक्रिय कार्यकर्ता तरह-तरह से भाजपा पर अपनी भड़ास निकालते देखे गए। इधर भाजपा के जश्न का सिलसिला दूसरे दिन भी चलता रहा, जहां जनपद चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया, तो वहीं वार्ड क्रमांक 5 में रोड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर, बिहार में भाजपा की जीत का जश्न मनाया है। इस मौके पर पार्षद राकेश शर्मा मनोज राठौर, पंकज चौहान, जीत मदान, विनोद मदान, नरेश राठौर, ललित मांधाता गुड्डू वर्मा, डॉ. सुनील पुंडे,राजू सोनी, राजेश घोटे, राजा सोनी, प्रदीप ठाकुर, संजय साहू सहित कई लोग उपस्थित थे। इधर भाजपा का कहना है कि बिहार में भाजपा की अप्रत्याशित जीत को स्थानीय कांग्रेस हजम नहीं कर पा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने चुनाव में धांधली, वोट चोरी, निर्वाचन की निष्पक्षता के अलावा जनता को रिश्वतखोर बताना, दस हज़ार देकर वोटर खरीदना के आरोप लगाए।

## बैतूल शह में सर्दी का असर हुआ तेज रात का पारा 9.7 डिग्री पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले में अब धीरे-धीरे सर्दी असर दिखाने लगी है। पिछले 12 दिनों में न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री तक नीचे आया है। रविवार को न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 4 नवंबर को जिले का तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस था, जो 16 नवंबर को घटकर 9.7 डिग्री सेल्सियस रह गया। इस तरह मात्र 12 दिनों में तापमान में लगभग 11.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

दरअसल उत्तरी हवाओं के सक्रिय होने से मौसम में ठंडक बढ़ी है। सुबह और देर शाम के समय तेज ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक उत्तरी हवाएं सक्रिय रहेंगी। इससे रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। दिन में धूप निकलने के बावजूद हवा में ठंडक बनी रहेगी। इधर अचानक बढ़ी ठंड के कारण जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार ठंड बढने़ के साथ ही अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या 800 से बढक़र प्रतिदिन लगभग 1000 तक पहुंच गई है। इनमें अधिकांश मरीज सर्दी-खांसी और जुकाम से पीड़ित हैं।

### गोदाम में मिला कोबरा, सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू



**बैतूल।** खेड़ी सांवलीगढ़ स्थित वेयरहाउस में रविवार को उस समय हडक़ंप मच गया, जब मूंग की बोरियों के नीचे एक कोबरा सांप मिला। मजदूरों ने जैसे ही बोरी हटाई, कोबरा ने सिर उठाया, जिससे गोदाम में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपने अनुभव से इस आक्रामक कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया। विशाल ने बताया कि सांप का फन पूरी तरह कटा हुआ था, फिर भी उसकी फुंकार और फुर्ती में कोई कमी नहीं थी। जानकारों के अनुसार, इस कोबरा का पहले कई बार नेवले या अन्य जंगली जानवरों से संघर्ष हुआ होगा, जिसके कारण उसका फन कट गया। फन कटा होने के बावजूद, वह पूरी ताकत से फन उठाकर हमला करने की मुद्रा में था। विशाल विश्वकर्मा ने बताया कि कोबरा को सावधानीपूर्वक पकडक़र सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया है।

### विधायक डॉ. योगेश पांडग्रे, अधिवक्ताओं व चिकित्सकों ने व्यक्त किए प्रेरक विचार

# अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर बैतूल में खुलकर हुई चर्चा विशेषज्ञों ने कहा- दबाव नहीं, संवाद है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर बैतूल में एसआईएफ बैतूल संस्था द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य, न्यायिक संतुलन और सामाजिक संवेदना पर खुलकर बात हुई। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे से लेकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं और चिकित्सकों ने पुरुषों के भावनात्मक संघर्षों को समझने की जरूरत बताई। मंच से कानून के दुरुपयोग, तनाव, जिम्मेदारी और संवाद पर प्रेरक विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में पीड़ित पुरुषों ने अपने वास्तविक संघर्ष साझा कर समाज को संवेदनशील होने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप गोहे ने किया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने पुरुष मानसिक स्वास्थ्य पर चल रही मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि समाज में संतुलन और सकारात्मक दिशा बनाए रखने के लिए पुरुषों की भावनात्मक स्थिति को समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने इस पहल को समय की आवश्यकता बताते हुए अभियान को निरंतर सहयोग देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता अंशुल गर्ग ने न्यायिक सुधारों पर बोलते हुए कहा कि 498 ए सहित कई कानूनों में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं और न्याय पुरुष या महिला किसी एक पक्ष का नहीं, बल्कि तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित होना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता मारोतीराव बारस्कर ने कहा कि कानून का उद्देश्य सुरक्षा है, गलत उपयोग नहीं, और समाज में समानता तभी संभव है जब अधिकारों का प्रयोग ईमानदारी और जिम्मेदारी से किया जाए। कार्यक्रम में शामिल पीड़ित पुरुषों ने अपने व्यक्तिगत संघर्षों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संदीप गोहे ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरुष मानसिक स्वास्थ्य, न्यायिक संतुलन और सामाजिक संवेदना को नई दिशा देने में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है और सभी की उपस्थिति ने इसे सार्थक बनाया।

#### कानून तभी सार्थक जब उसका प्रयोग संयमित व निष्पक्ष रूप से किया जाए

अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अधिकांश विवाद ईगो और पावर के गलत उपयोग से बढ़ते हैं और कानून तभी सार्थक है जब उसका प्रयोग संयमित व निष्पक्ष रूप से किया जाए। डॉ. संदीप बर्डे ने कहा कि पुरुष अक्सर अपनी भावनाओं को दबा लेते हैं जिससे मानसिक दबाव बढ़ता है, जबकि अपनी बात साझा करना कमजोरी नहीं बल्कि समझदारी है। कार्यक्रम का मंच संचालन पत्रकार गौरी बालापुरे ने किया। उन्होंने कहा कि पुरुषों को परामर्श, सहयोग और ऐसा सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए जहां वे अपनी बात खुलकर रख सकें, क्योंकि किसी भी अधिकार का गलत उपयोग समाज और परिवार दोनों को कमजोर करता है।

#### पुरुष भी भावनात्मक दबावों से गुजरते हैं

वरिष्ठ अधिवक्ता और अध्यक्ष अधिवक्ता संघ आमला केशव राव चौकीकर ने कहा कि पुरुष भी भावनात्मक दबावों से गुजरते हैं पर समाज के डर से बोल नहीं पाते, जबकि बोलना और मदद मांगना परिपक्वता का प्रतीक है। डॉ. अरुण जयसिंहपूरे ने कहा कि जिस तरह महिलाए स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हो रही हैं उसी तरह पुरुषों को भी अपनी शारीरिक और मानसिक सेहत के प्रति जागरूक होना चाहिए, क्योंकि तनाव को अनदेखा करना भविष्य में गंभीर जोखिम बन सकता है। उन्होंने इस अभियान को समाज को स्वस्थ दिशा देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया।

## खबर संक्षेप

### खिलाड़ियों ने जीते राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक

**सीहोर।** मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर मास्टर्स गेम्स के खिलाड़ियों ने कई खेलों में भाग लेकर पदक जीते। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने आरए सिद्दिकी हॉकी कोच के सहयोग से प्रतियोगिता में भाग लिया। सीहोर मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन की सचिव अफशा सिद्दिकी ने बताया कि मास्टर्स गेम्स उन खिलाड़ियों को खेलने का मौका देता है, जो किसी भी कारण से जीवन में खेलने का सपना पुरा नहीं कर पाते हैं। मास्टर्स गेम्स प्रतियोगिता में 30 से 100 साल तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जा सकते हैं।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का समापन

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर जिला न्यायालय परिसर से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 9 नवंबर से 14 नवंबर तक चलाया गया। इस विधिक सेवा सप्ताह में आमजनों तक योजनाओं एवं न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं साक्षरता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई।

---

### मार्ग चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को हटाने निगम ने लिया जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग

# शहर वासियों को 15 मीटर चौड़ी सड़क देने के लिए निगम ने दूसरे दिन भी जारी रखी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई





### निगम ने जेसीबी पोकलैंड की मदद से 100 से ज्यादा बाधक मकानों के हिस्सों को तोड़ने की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के व्यस्तम एमजी रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुक्रवार से शुरू किया गया, कार्रवाई दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। शुक्रवार को शालिनी रोड से कार्रवाई शुरू हुई है। कार्रवाई शनिवार शाम होते होते नावेल्टी चौराहे के आगे तक पहुंच गई। ज्ञात हो कि एमजी रोड को चौड़ा कर यातायात को सुगम बनाना है, जिसके लिए रोड़ को 150 मीटर तक चौड़ा करने की योजना है। निगम ने शनिवार को जेसीबी बुलडोजर की मदद से 100से ज्यादा मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने के बाद एमजी रोड को चौड़ा करके 15 मीटर का किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत लगभग 06 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना को मंजूरी मिली है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी और पोकलैंड मशीनें तैनात की गईं। शनिवार को तीन पोकलैंड मशीनों की मदद से मार्ग मे बाधा बन रहे भवनों को तोड़ा गया। जिससे कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में तेजी आई। निगम अधिकारियों अनुसार, यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से की जा रही है।

#### 108 अतिक्रमणों को निगम ने हटाया

शहर के सबसे व्यस्ततम महात्मा गांधी मार्ग के चौड़ीकरण मे बाधक बन रहे अतिक्रमणों को नगर निगम के अमले के द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार एवं शनिवार को चलाए गए अभियान अन्तर्गत 108 अतिक्रमणों को हटाया गया। अभियान आयुक्त दलीप कुमार के नेतृत्व मे शनिवार को भी जारी रहा। जिसमें सुभाष चौक क्षेत्र से नावेल्टी चौराहे तक 48 पक्के अतिक्रमणों को तोडा गया। इसके पूर्व शुक्रवार 14 नवम्बर को शालिनी रोड जनता बैंक चौराहे से सुभाष चौक तक 60 पक्के अतिक्रमणों को हटाया गया था। अभियान मे निगम द्वारा पोकलेण्ड मशीनों, जेसीबी, ट्रेक्टर ट्राली व अन्य संसाधनों के साथ कार्यवाही की गई। अभियान मे निगम के तकनिकी अमले मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, विजेता पाण्डे, करूणा दशोरिया, तथा स्वच्छता निरीक्षकों एवं अन्य विभागों का अमला एवं निगम गैंग के कर्मचारियों का अमला भी कार्यवाही मे शामिल रहा। आयुक्त द्वारा अभियान के दौरान निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट एवं अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने पूर्व मे अतिक्रमणकारियों को विभागीय सूचना पत्र देने के साथ ही क्षेत्रों मे ऐलान भी कराया जाकर सूचना दी गई थी। निगम प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती ने बताया कि अभियान रविवार 16 नवम्बर को भी जारी रहेगा।


#### आयुक्त और एएसपी ने संभाला मोर्चा

शनिवार को दूसरे दिन जारी कार्रवाई में नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह ने खुद एमजी रोड पहुंचकर मुहिम का जायजा लिया। पुलिस प्रशासन से एएसपी जयवीर सिंह अपने दल के साथ मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई के लिए कुल 216 बाधक निर्माणों को चिह्नित किया गया है। निगम आयुक्त दलीप सिंह ने बताया कि कुल 216 बाधक निर्माणों को चिह्नित किया गया है, जिन्हें हटाया जा रहा है। पहले दिन 63 चिह्नित अतिक्रमणों में से 55 हटाए गए, जबकि 8 पर कोर्ट से स्थगन आदेश होने के कारण उन्हें फिलहाल नहीं छेड़ा गया है।

#### भारी पुलिस बल रहा तैनात

एएसपी जयवीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। नगर निगम की टीम में 3 जेसीबी, तीन पोकलेन, 2 डंपर, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। मुहिम के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाया।





---

## जनजातीय गौरव दिवस पर बागली में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



जिले में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती गरिमामय रूप से मनाई गई। बागली में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को चेक का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की हितग्राहियों योजनाओं की जानकारी देने के स्टॉल भी लगाया गया। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा आदिवासी लोक नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम का शुभारम्भ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथिगण जनजातीय वेषभूषा पहन कर शामिल हुए। इस दौरान विधायक आशीष शर्मा ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की आजादी का इतिहास असंख्य महापुरूषों के बलिदान से भरा हुआ है। उन्हीं में से एक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा है। जिनके अमर बलिदान को हम भुला नहीं सकते है। उन्होंने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को नई जागृति के प्रतीक के रूप में याद करते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी ने जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवार बिरसा मुंडा ने अपने राष्ट एवं जनजातीय समाज की रक्षा के लिए अपना सबकुछ समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी की ऐसी भावना होनी चाहिए की जब भी राष्ट्र को हमारी जरूरत पडे तो हमारे कदम सबसे पहले उठना चाहिए। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा द्वारा देश में अग्रेजों के विरूद्ध अभियान चलाया गया उनसे प्ररेणा लेकर कई आदोंलन हुए। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक बागली पहाड़ सिंह कन्नौजे, कार्यक्रम प्रभारी कमल यादव, खुशीलाल राठौर, संतोष काकडिया, पिंकी बारेली, भगवान सिंह कासलीवाल, गजराज डावर, राम ओसारी व जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठन पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## हाईवे मार्ग पर गड्ढे के कारण पलटी यात्री बस

## खराब मार्ग के कारण एक दिन में हुए तीन हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग इन दोनों गड्ढों में तब्दील हो चुका है। मार्ग के कई हिस्से गड्ढे में तब्दील हो चुके हैं, जिसको लेकर लगातार खबरें प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया जा रहा है ,लेकिन बावजूद इसके संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रहे हैं जिस कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। शनिवार को एक बार फिर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर शनिवार सुबह एक यात्री बस गड्ढे के कारण पलट गई, जिसमें सवार यात्रियों को चोट आई।

जानकारी अनुसार एक यात्री बस कमलापुर से इंदौर जा रहे थे। इस दौरान हाईवे मार्ग पर ग्राम पोलाय के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने असंतुलित होकर एक यात्री बस पलट गई, जिसमें बताया जा रहा है कि लगभग 15 से 20 यात्री सवार थे जिन्हें मामूली चोटे आई है। हादसे का कारण मार्ग पर स्थित गहरे गड्ढे बताए जा रहे है। बस का अगला पहिया गड्ढे में जैसे ही उतरा पहिए की गुल्ली टूट गई और स्टेरिंग फेल हो गया। चालक ने जैसे ही बस को नियंत्रित करना चाहा वह असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के दौरान लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटे आई। बता दे कि इस बस में बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग के लोग इंदौर काम करने के लिए जाते हैं। इसी दौरान इंदौर से हरदा की ओर जा रहे बाइक सवार इंदौर निवासी पप्पू सिंह राजपूत भी हादसे का शिकार हुए। बताया जा रहा है कि वह भी इंदौर से हरदा की ओर जा रहे थे। इस दौरान ग्राम पोलाय के समीप सड़क पर गड्ढों के कारण बाइक सड़क पर गिर गई, बाइक पर पप्पू सिंह कि पत्नी भी बैठी हुई थी जो कि घायल हुई। एक लोडिंग आईसर वाहन हरदा की ओर जा रहा था गड्ढे के कारण वह भी असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। शनिवार सुबह एक किमी के दायरे में ही एक घंटे के अंतर्गत तीन सड़क हादसे हुए। तीनों हादसे सड़क में गड्ढों के कारण होना बताया गया है। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि हादसे में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। मामूली चोटे आई है,बस के अगले पहिए कि गुल्ली टूटने के कारण हादसा होना बताया गया है।

---

### भाजपा का जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित, बड़ी संख्या में शामिल हुईं मातृशक्ति

# महिलाएं हर क्षेत्र में निभा रही अपनी महत्वपूर्ण भूमिका: पवार





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत स्थानीय प्रमिला राजे परिसर, भोपाल चौराहा, देवास में शनिवार को जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक गायत्री राजे पवार उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश मंत्री व मुख्य वक्ता बबीता परमार ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वे इतिहास में मील का पत्थर बनेंगे। आज महिलाएं स्वरोजगार, उद्यमिता और नेतृत्व के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। हमें हर बहन को यह विश्वास दिलाना है कि वह समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और उसके सपनों के पीछे पूरा संगठन खड़ा है।

अपने संबोधन में विधायक पवार ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारी मातृशक्ति पूरी तरह सशक्त और स्वावलंबी बनेगी। प्रदेश और केंद्र सरकार महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं जिनका लाभ प्रत्येक पात्र बहन तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि जिला भाजपा संगठन महिलाओं के कल्याण और उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। महिला सम्मेलन जैसे आयोजन महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें नई ऊर्जा और संबल प्रदान करते हैं। हमारी मातृशक्ति संगठन की रीढ़ है, और उनके सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा।इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री माया पटेल, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पंवार, पीपलरावां नगर पंचायत अध्यक्ष कविता शर्मा, हाटपीपल्या नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रकांता राठौर, खातेगांव नगर पंचायत अध्यक्ष सारिका चौधरी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रेखा शर्मा, पार्षद गणेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह बैस, कार्यक्रम प्रभारी पुष्पलता सोनगरा, मोनिका शर्मा, आशा भावसार, शोभा नायक, शोभा गोस्वामी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी के बच्चों ने दिखाए व्यावसायिक हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी, हाटपीपल्या (डिसर्ट्रिक्ट देवास, मध्यप्रदेश) के निजी स्कूल में शुक्रवार को बालमेला (फूड कार्निवल) का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने बच्चों में व्यावसायिक गुणों को विकसित करने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें अभिभावकों ने भी भरपूर सहयोग दिया। विविध व्यंजनों के स्टॉल बने आकर्षण का केंद्रइस अवसर पर नन्हे-मुन्ने व्यवसायियों ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए। अनेक स्वादिष्ट पकवानों की पेशकश की गई। पालकों, दादा-दादी और बच्चों ने इन स्टॉलों का जमकर लुत्फ उठाया। गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थितिकार्यक्रम के मुख्यरूप से यू ट्यूबर राजू सेठ और गोपालदा उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। फूड स्टॉल्स के अलावा, मनोरंजन के लिए भी विशेष आकर्षण केंद्र बनाए गए थे। इनमें स्केरी हाउस, मिक्की माउस, जंपिंग और डिस्को क्लब शामिल थे, जहाँ बच्चों ने खूब मस्ती की। उक्त जानकारी स्कूल प्राचार्य वीरेन्द्र सहाय ने दी। इस दौरान संस्था के संचालक भारत पाटीदार, अशोक पाटीदार, महेंद्र पाटीदार, रोहित पटेल भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बाल संरक्षण दल ने रोका बाल विवाह

**हरदा।** अज्ञात बाल विवाह की सूचना मिलने पर रविवार को बाल संरक्षण दल की टीम ने हरदा जिले के तहसील खिरकिया के ग्राम जयमलपुरा में पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजा रंगारे ने बताया कि दल द्वारा बालिका की उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच करने पर रिकॉर्ड अनुसार बालिका की जन्म तिथि 10 मार्च 2009 पाई गई जो कि आज दिनांक को 18 वर्ष से बहुत कम थी। सुपरवाइजर प्रतिभा एवं चाइल्ड हेल्प लाइन काउंसलर दिव्या राजपूत द्वारा समझाया गया कि 18 वर्ष से पूर्व बालिका का विवाह करना कानून अपराध है, दोषियों को अधिनियम के तहत सजा व अर्थदंड का प्रावधान है व उपस्थित अधिकारियों द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम बालिका के घर परिवार वालों को समझाए गए व कानून का उल्लंघन करने पर मिलने वाली सजा व अर्थदंड के बारे में बालिका के परिजनों को बताया गया। रंगारे ने बताया कि समझाइश पर परिवार वाले बाल विवाह नहीं करने को तैयार हुए, दल द्वारा बालिका को आगे पढ़ने की सलाह दी गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड हेल्प लाइन टीम मौजूद थी। इस बीच ग्रामीणों को चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के बारे में भी जानकारी दी गई एवं बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।

### कलेक्ट्रेट में पुताई करने के दौरान मजदूर गिरा, घायल होने पर भर्ती

**हरदा।** कलेक्ट्रेट परिसर के स्ट्रांगरूम में पुताई का काम चल रहा था। रविवार दोपहर करीब ढाई बजे काम के दौरान एक मजदूर करीब आठ फीट ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। घायल मजदूर का नाम प्रकाश निशोद (45) है, जो छीपाबड़ थाना क्षेत्र के कडोलाराधो गांव का रहने वाला है। प्रकाश स्ट्रांगरूम की दीवार पर पुट्टी भर रहा था। इसके लिए उसने लोहे की घोड़ी पर सीढ़ी लगाई थी। काम करते समय अचानक सीढ़ी फिसल गई और वह नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसकी कमर में चोट आई है। हादसे के समय स्ट्रांगरूम में ईवीएम की सुरक्षा में तैनात 18वीं बटालियन शिवपुरी के जवान मौजूद थे। उन्होंने तुरंत मजदूर की मदद की। बाद में उसके साथियों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। कलेक्ट्रेट परिसर में पिछले 15 दिनों से पुताई का काम चल रहा है।

### आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

---

जिले के 1 लाख 2 हजार उपभोक्ताओं पर 109 करोड़ रुपए बिल बकाया

# बकाया राशि में 95 करोड़ रुपए मूलधन और 24 करोड़ रुपए सरचार्ज शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बिजली उपभोक्ताओं के लिए 'समाधान योजना' शुरू की गई है। इस योजना के तहत बकाया बिजली बिलों पर सरचार्ज माफ किया जा रहा है। बिजली कंपनी के महाप्रबंधक वीके बागड़े ने बताया कि जिले के 1 लाख 2 हजार 155 उपभोक्ताओं पर कुल 109 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। इस बकाया राशि में 95 करोड़ रुपए मूलधन और 24 करोड़ रुपए सरचार्ज शामिल है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यदि सभी बकायादार उपभोक्ता योजना के तहत अपना बिल एकमुश्त जमा करते हैं, तो कुल 24 करोड़ रुपए का सरचार्ज माफ किया जाएगा। यह योजना 3 नवंबर से लागू है और अब तक सैकड़ों बड़े बकायादार उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल चुका है। समाधान योजना के तहत, घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी का लाभ मिल रहा है। वहीं, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को एकमुश्त बिल भुगतान पर 80 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उपभोक्ताओं को बकाया राशि छह किश्तों में जमा करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। कंपनी उन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट रही है जिन्होंने सालों से बिल जमा नहीं किए हैं।



### समय पर बिल चुकाकर इस अवसर का लाभ उठाएं

कंपनी अधिकारियों के अनुसार, इस योजना का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को बकाया भुगतान के लिए प्रेरित करना और जिले की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। यह योजना सीमित अवधि के लिए है, इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर बिल चुकाकर इस अवसर का लाभ उठाएं। यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से राहत भरी है जो सरचार्ज के कारण अपने बिलों का भुगतान नहीं कर पा रहे थे। सरकार और बिजली कंपनी का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाएं और अपने बिजली बिल का बकाया चुकाकर राहत प्राप्त करें।

### आज शहर के आधे क्षेत्र में 1 घंटे तक बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** जिला मुख्यालय पर आज सोमवार, 17 नवंबर को एक घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इंदौर रोड, गुप्तेश्वर मंदिर, खेड़ीपुरा, रेलवे और कोर्ट फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति गुल रहेगी। यह कटौती बिजली कंपनी द्वारा आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण की जा रही है। कंपनी के जेई राकेश सिलोरिया ने जानकारी दी कि 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र पर अतिआवश्यक कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त 11 केवी इंदौर रोड, गुप्तेश्वर मंदिर, खेड़ीपुरा, रेलवे और कोर्ट फीडर से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। प्रभावित होने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक बिहार, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, खेड़ीपुरा, मानपुरा, इमलीपुरा, बाहेती कॉलोनी, फाइल वार्ड, पीलियाखाल, कुलहरदा, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज और कोर्ट क्षेत्र शामिल हैं।

---

पिकअप को बचाते हादसा

## सीमेंट से भरा ट्रक पुलिया से टकराया, ड्राइवर घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

हरदा में सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के छीपानेर रोड पर शनिवार रात करीब ढाई बजे एक सीमेंट से भरा ट्रक हाईवे की पुलिया से टकरा गया। यह हादसा सामने से आ रही एक पिकअप को बचाने के दौरान हुआ। इस दुर्घटना में इंदौर निवासी ट्रक चालक घायल हो गया, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक उज्जैन से सीमेंट लेकर हरदा डिपो आ रहा था। रात में रास्ता भटकने के कारण चालक टेमागांव की ओर निकल गया था। टोल कर्मचारियों ने उसे वापस सही रास्ते पर भेजा। लौटते समय, जब ट्रक हाईवे से नीचे उतर रहा था, तभी सामने से एक तेज रफ्तार पिकअप आ गई। इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र निवासी चालक अमित भदौरिया ने पिकअप को बचाने का प्रयास किया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराया। अमित भदौरिया ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में ट्रक ड्राइवर साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सिटी कोतवाली थाने के एसआई रिपुदमन सिंह राजपूत ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की कार्रवाई

## विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 12 सुपरवाइजर्स को नोटिस थमाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की बैठक में अनुपस्थित रहने एवं कार्य मे लापरवाही बरतने वाले कुल 12 सुपरवाइजर्स को उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरूषोत्तम कुमार ने कारण बताओ नोटिस जारी किये है। उन्होने विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी में पशु चिकित्सा अधिकारी टिमरनी डॉ नागेन्द्र पाटिल, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हरदा विश्वजित पाटीदार, उपवन क्षेत्रपाल हरदा सामान्य वनमंडल हरदा रामलाल मरापे, कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल हरदा बेलसिंह मेहता, उप वनक्षेत्रपाल हरदा सामान्य वन मंडल बोरे लाल धुर्वे व पूनम चन्द्र दमाडे कार्यवाहक उप वनक्षेत्रपाल हरदा तथा विधानसभा क्षेत्र 135 हरदा में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग हरदा आर.एल. कुम्हार, सहायक संचालक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण हरदा विजय सिंह, सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग हरदा सरिता इवने, सहायक श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग हरदा आशीष चौरसिया, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास हरदा राजा रंगारे व प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा सचिन रोमडे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये हैं।

### लापरवाही बरतने पर बीएलओ को नोटिस जारी

अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टिमरनी संजीव नागू ने निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान फार्म ऑनलाइन करने के कार्य में लापरवाही बरतने पर मतदान केन्द्र क्रमांक 150 डेबराबंदी की बीएलओ संगीता सोनारे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। उन्होने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिमरनी को निर्देशित किया है कि संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर जवाब पत्र प्राप्ति के 24 घण्टे के भीतर समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करावे। जवाब प्राप्त न होने अथवा संतोषजनक नहीं होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

---

रन्हाई कलां में मातृगोष्ठी सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया

## कुटुंब के संरक्षण में मातृशक्ति का विशिष्ट योगदानः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सरस्वती शिशु मंदिर गुलजार भवन हरदा द्वारा ग्राम रन्हाई कलां में मातृगोष्ठी सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रेखा बिश्नोई (समाजसेविका तथा पर्यावरण संरक्षिका, हरदा, तथा विशेष अतिथि रुक्मणी कानवे, महिला मंडल अध्यक्ष रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयश्री पटेल ने की।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता और प्रणवाक्षर ॐ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता रेखा बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के (100 वर्ष पूर्ण हुए) शताब्दी वर्ष हुए हैं। इसी के अंतर्गत विद्या भारती द्वारा संपूर्ण भारत में मातृशक्ति ( नारी) के अंतःकरण में विराजमान सप्त शक्तियों का जागरण करने हेतु सप्तशक्ति संगम कार्यक्रमों को करने का संकल्प लिया है। इसी के अंतर्गत ग्राम रन्हाईकलां के शिव मंगल गुर्जर परिसर में यह आयोजन किया गया है। नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए, बताया कि नारी अर्थात मां जो संपूर्ण विश्व संचालन की क्षमता रखने वाली आधार स्तंभ है। नारी के अंदर विराजमान सात शक्तियां जो ईश्वर की कृपा से प्रत्येक नारी के अंदर सु-सुप्त अवस्था में निहित है। राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई परिवार अर्थात कुटुंब है। कुटुंब प्रबोधन के अंतर्गत परिवार अर्थात कुटुंब के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन उचित प्रकार से करने पर राष्ट्र निर्माण में नारी अर्थात मां को अपनी भूमिका सुनिश्चित करना ही होगा। इसी दौरान प्रज्ञा अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण में हम माताओं की भूमिका को सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। सप्तशक्ति संगम मातृ संगोष्ठी के आयोजन दो महिलाओं मनु पाटिल और अनीता देवड़ा को सम्मानित किया गया। उपस्थित माताओं को प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाली माता को पुरस्कृत किया गया। सप्तशक्ति संगम की संयोजिका संध्या खेड़ले ने सञ्चालन किया।




---

## स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और डिजिटल शिक्षा तकनीक की जानकारी देने के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार शिक्षा गूँज कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों का नामांकन बढाने और डिजिटल शिक्षण तकनीकों की जानकारी देने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम में शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा को सशक्त बनाने और शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को सरल व आकर्षक बनाने के हेतु प्रशिक्षण दिया गया। जिन विद्यालयों में इंटरेक्टिव पैनल और स्मार्ट टीवी है उनके प्रभावी उपयोग के संबंध में भी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डिजिटल शिक्षण सामग्री, विषयों को सरल एवं रोचक तरीके से प्रस्तुत करना और कक्षा में इंटरऐक्टिव पैनलों के उपयोग से बच्चों में सीखने की रुचि एवं दक्षता बढ़ती है। डाइट प्राचार्य ने बताया कि जिले के 99 विद्यालयों में पैनल स्थापना का कार्य पूर्ण हो चुका है और आगामी समय में अन्य विद्यालयों को भी इस डिजिटल पहल से जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान आईसीटी टूल्स जैसे इंटरेक्टिव पैनल, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, पीपीटी, डिजिटल क्विज एवं एआई का इस्तेमाल करके पढाई को रुचिकर बनाना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

---

## अंबर जैन बने कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिलाध्यक्ष

**सीहोर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खण्डेलवाल सांसद चांदनी चोक, एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील जैन 501 श्री गोविंद दास असाटी, उमेश तिवारी, राजीव खंडेलवाल की अनुसंशा पर अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ के प्रांतीय अध्यक्ष से विचार विमर्श उपरांत अम्बर जैन को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स मध्यप्रदेश के सीहोर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया हैं। साथ आशा व्यक्त है कि आप संगठन को अपनी सक्रिय गतिविधियों से और मजबूती प्रदान करेंगे। संगठन ने आप पर जो विश्वास व आस्था व्यक्त की है, आशा है, आप उस पर खरे उतरेंगे। अम्बर जैन ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, उसका में पुरी ईमानदारी व सक्रीयता के साथ निर्वहन करुंगा। श्री जैन को अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर बधाई व शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, जैन समाज अध्यक्ष अजय जैन, शील जैन, अजय जैन ज्योति बुक, सुनील जैन, कमलेश पारीक, सुदीप लोवनिया, राकेश मेवाड़ा, सतीश धाकड़, हेमंत रूठिया, नितिन जैन, शैलेश राठी, डॉ. गगन नामदेव, डॉ. अमित मोदी सहित समस्त व्यापारीगण शामिल हैं।



---

महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने शुरू की अनोखी पहल

# 155 महिलाओं को मिले कड़कनाथ के चूजे, घर बैठे साल में 1.5 लाख रुपए तक होगी कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने के लिए एक बड़ी पहल की है। मिशन ने पशुपालन विभाग के सहयोग से 110 महिला स्वसहायता समूहों की 155 सदस्यों को कड़कनाथ और देसी रंगीन नस्ल के चूजे वितरित किए हैं। बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के तहत उठाया गया यह कदम महिलाओं के लिए घर बैठे स्थायी कमाई का जरिया बनेगा।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (NIHSAD) भोपाल के सहयोग से 45 महिलाओं को कड़कनाथ चूजों की पूरी यूनिट प्रदान की गई है। इसमें उच्च गुणवत्ता का मुर्गी आहार, देखरेख की सामग्री और अगले तीन महीने तक तकनीकी मार्गदर्शन भी शामिल है।

**साल में 1.5 लाख रुपए तक की आय** : पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के उप संचालक राजेंद्र गौतम ने बताया कि एक यूनिट के सही संचालन से एक महिला प्रति वर्ष 1 से 1.5 लाख रुपये तक की आय अर्जित कर सकती है। देशी मुर्गियों में हाई प्रोटीन और कम वसा होने के कारण बाजार में इनकी भारी मांग है, जिससे ग्रामीण महिलाओं की आय कई गुना बढ़ने की उम्मीद है।



### सीईओ ने दिए थे क्लस्टर बनाने के निर्देश

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने के लिए पोल्ट्री क्लस्टर विकसित करने के निर्देश दिए थे। उन्हीं के मार्गदर्शन में पशुपालन विभाग के साथ मिलकर महिलाओं को कड़कनाथ इकाइयाँ उपलब्ध कराई गई हैं।

### महिलाएं बोलीं- बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च में मिलेगी मदद

इस पहल से लाभान्वित महिलाओं ने कहा कि उन्हें मुर्गी पालन से नियमित आय मिलेगी। इससे उन्हें घर के नजदीक ही रोजगार उपलब्ध होगा। अब वे अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य तथा घर की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी। समूह में जुड़कर उन्हें सामूहिक सीखने और विपणन के अवसर भी मिलेंगे।

### अगली तिमाही में 300 और महिलाओं को लाभ

उप संचालक गौतम ने बताया कि आजीविका मिशन के साथ मिलकर पिछले दो वर्षों से यह योजना चल रही है, जिसके बेहतरीन नतीजे मिले हैं। पशुपालन सखियों के मार्गदर्शन, टीकाकरण और दवाइयों से मुर्गियों की मृत्यु दर कम हुई है। इसी कड़ी में आगामी तिमाही में 300 समूह सदस्यों को मुर्गी इकाइयों का वितरण किया जाएगा।

---

## अब सोयाबीन के मॉडल रेट में 151 रुपए बढ़े, किसानों को नहीं होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश शासन ने 8 नवंबर से सोयाबीन के मॉडल रेट निर्धारण में बदलाव किया है। अब हर दिन मॉडल रेट तय हो रहे हैं। उसी के अनुरूप खरीदी की जा रही है। हालांकि, निर्धारित रेट से कम में भी किसी किसान का सोयाबीन बिका, तब भी उसे भावांतर की उतनी ही राशि मिलेगी। अभी जो रेट प्रतिदिन निर्धारित हो रहे हैं, उनमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 7 दिनों में मॉडल रेट में 151 रुपए बढ़े हैं। शुक्रवार को मॉडल प्राइज 4184 रुपए प्रति क्विंटल रहा। इसका भावांतर भी 5328 रुपए के हिसाब से ही होगा। बता दें कि कृषि उपज मंडी में 24 अक्टूबर से भावांतर योजना के तहत सोयाबीन उपज बिक रही है। शुक्रवार को प्रदेश की मंडियों में भावांतर का मॉडल रेट 4184 रुपए प्रति क्विंटल रहा। जिन किसानों का सोयाबीन 4184 रु. प्रति क्विंटल में बिका है, उनके खाते में भावांतर की राशि 1144 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से आएगी।



### निजी फीजियोथैरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथैरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। उपचार्यगृह तथा रजोउपचार्य संबंधी स्थापनायें अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार सुनिश्चित किया जाये ।